प्राथमिकता/

# मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना

प्रेम नारायण
प्रमुख सचिव एवं
समाज कल्याण आयुक्त

संख्या : 1700 / 26-2-2010
उत्तर प्रदेश शासन
समाज कल्याण विभाग
लखनऊ, दिनांक : 07 जून 2010

प्रिय महोदय,

आप अवगत ही हैं कि उ0प्र0मुख्यमंत्री महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना की समीक्षा दिनांक 10.06.2010 को विकास एवं प्रशासनिक कार्यो की राज्य स्तरीय मण्डलीय समीक्षा बैठक में की जायेगी। इस योजना के सर्वेक्षण का कार्य लगभग समस्त जनपदों में समाप्त हो चुका होगा अथवा समाप्ति पर है। इस समस्त सर्वेक्षित डाटा को शीघ्रातिशीघ्र कम्प्यूटरीकृत करके सूचना मुख्यालय को उपलब्ध कराना अत्यन्त आवश्यक है। अनुरोध है कि कृपया अपने मण्डल के समस्त जनपदों की निम्नलिखित संकलित सूचना दिनांक 08.06.2010 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें:-

1. जनपद में सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हुआ अथवा नहीं। यदि नहीं तो अद्यतन प्रगति दी जाय (ग्राम सभा तथा वार्ड की संख्या के सापेक्ष)।
2. कम्प्यूटरीकरण हेतु एजेंसी का चयन हो गया है अथवा नहीं।
3. सर्वेक्षित डाटा का कितना प्रतिशत कम्प्यूटरीकृत हो चुका है तथा एन0आई0सी0 के साफटवेयर में डाल दिया गया है।
4. ग्राम सभाओं की खुली बैठकों का आयोजन प्रारंभ हुआ अथवा नहीं।

भवदीय,

(प्रेम नारायण)

श्री (नाम से)
समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।